# Girls' High School & College, Prayagraj

## Worksheet No. 4
## Session 2020-21
## Class-4 A-F
## Subject- Hindi (व्याकरण)

## Topic- संज्ञा और सर्वनाम

**निर्देश: अभिभावकों से अनुरोध है कि नीचे लिखे पाठ के गद्यांश को पढ़कर बच्चों से प्रश्नों के उत्तर लिखवाए तथा याद करवाएं।**

**संज्ञा की परिभाषा- जो शब्द किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, जाति अथवा भाव आदि का बोध कराएं, उन्हें 'संज्ञा' कहते हैं। उदाहरण के लिए- ताजमहल, मोर, महात्मा गांधी आदि।**

**संज्ञा के भेद**

**संज्ञा के पांच भेद होते हैं, जो इस प्रकार से हैं-**

**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा 2. जातिवाचक संज्ञा 3. भाववाचक संज्ञा**
**4. समुदायवाचक संज्ञा / समूहवाचक संज्ञा - 5. द्रव्यवाचक संज्ञा**

**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा- जिन शब्दों से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो, उन्हें 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- मदर टेरेसा, ताजमहल, रामायण आदि।**

**2. जातिवाचक संज्ञा- जिन शब्दों से वस्तुओं या जीवों की पूरी जाति का बोध हो, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- नदी, गाय, पहाड़ आदि।**

**3. भाववाचक संज्ञा- जिन शब्दों से किसी व्यक्ति के गुण, दोष, दशा या भाव का पता चले, उन्हें 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं । जैसे- बुढ़ापा, प्यास, सुंदरता।**

**4. समुदायवाचक संज्ञा / समूहवाचक संज्ञा - जिन संज्ञा शब्दों से हमें किसी समूह या समुदाय का बोध हो, उन्हें 'समुदायवाचक संज्ञा / समूहवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- कक्षा, भीड़, झुंड।**

**5. द्रव्यवाचक संज्ञा- जिन संज्ञा शब्दों से किसी धातु, पदार्थ आदि का बोध हो, उसे 'द्रव्यवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- दूध, चीनी।**

**Q1. रिक्त स्थान भरिए-**

1. संज्ञा के .............. भेद होते हैं।

2. जो शब्द किसी संपूर्ण जाति का बोध कराएं, उन्हें ....................संज्ञा कहते हैं ।

3. बुढ़ापा ..................संज्ञा है।

**Q2. सही विकल्प चुनिए-**

1. जातिवाचक संज्ञा है-

a. लड़की ( ) b. राम ( )

2. मदर टेरेसा संज्ञा है-

a. व्यक्तिवाचक संज्ञा ( )

b. भाववाचक संज्ञा ( )

3. द्रव्यवाचक संज्ञा है-

a. दूध ( ) b. गाय ( )

**Q3. सही कथनों के आगे सत्य और गलत कथनों के आगे असत्य लिखिए-**

1. कक्षा द्रव्यवाचक संज्ञा है। ( )

2. किसी व्यक्ति, स्थान, जाति या समूह के नाम को 'संज्ञा' नहीं कहते हैं। ( )

**Q4. एक शब्द में उत्तर दीजिए-**

1. समुदायवाचक / समूहवाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

...............................................

2. जिन शब्दों से किसी व्यक्ति के गुण, दोष या दशा का पता चले, वह कौन सी संज्ञा होती है?

...............................................

3. द्रव्यवाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

...................................

**Q5. लघु उत्तरीय प्रश्न-**

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?

.....................................................................................................................................

**2. द्रव्यवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?**

**..........................................................................................................................**

## Q6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-

**1. संज्ञा की परिभाषा लिखिए। संज्ञा के कितने भेद होते हैं ? किसी एक का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

**Ans. जो शब्द किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, जाति अथवा भाव आदि का बोध कराएं, उन्हें 'संज्ञा' कहते हैं। उदाहरण- ताजमहल, मोर, महात्मा गांधी आदि। संज्ञा के पांच भेद होते हैं, जो इस प्रकार से हैं-**

**a. व्यक्तिवाचक संज्ञा b. जातिवाचक संज्ञा c. भाववाचक संज्ञा d. समुदायवाचक संज्ञा / समूहवाचक संज्ञा e. द्रव्यवाचक संज्ञा**

**व्यक्तिवाचक संज्ञा- जिन शब्दों से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो, उन्हें 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- मदर टेरेसा, ताजमहल, रामायण आदि।**

**2. जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?**

**Ans. जातिवाचक संज्ञा- जिन शब्दों से वस्तुओं या जीवों की पूरी जाति का बोध हो, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे- नदी, गाय, पहाड़ आदि।**

## सर्वनाम

**सर्वनाम- जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होते हैं उन्हें सर्वनाम कहा जाता है । जैसे- मैं, तू, यह, वह, कोई, इसे, इसकी, उसकी, हम, कुछ आदि। उदाहरण के लिए निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए-**

**यह अमन है।**
**उसका घर मेरे घर के पास ही है।**
**वह पांचवी कक्षा में पढ़ता है।**
**उसके पिताजी वकील है।**
**उसकी माताजी परिचारिका है।**

**इन वाक्यों में अमन, पिताजी, माताजी संज्ञा शब्द हैं और यह, वह, इसके, इसे, इसकी सर्वनाम शब्द हैं क्योंकि यह सभी शब्द अमन के नाम की जगह प्रयुक्त हुए हैं । हिंदी व्याकरण में इन शब्दों को सर्वनाम कहते हैं ।**

### सर्वनाम के भेद

**सर्वनाम के 6 भेद होते हैं-**

**1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम**

4. संबंधवाचक सर्वनाम 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम

**1. पुरुषवाचक सर्वनाम-** जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग सुनने वाले, बोलने वाले या किसी अन्य के लिए किया जाता है, उन्हें 'पुरुषवाचक सर्वनाम' कहा जाता है। जैसे- मैं, तुम, वह शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम हैं। पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं-

a. उत्तम पुरुष b. मध्यम पुरुष c. अन्य पुरुष

a. उत्तम पुरुष- बोलनेवाला या लिखने वाला अपने लिए जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करता है, उन्हें 'उत्तम पुरुष' कहते हैं। जैसे- मैं, हम आदि ।

b. मध्यम पुरुष- मध्यम पुरुष सुनने वाले या पढ़ने वाले के लिए जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें "मध्यम पुरुष" कहा जाता है। जैसे- तू, तुम, आप आदि।

c. अन्य पुरुष- जो शब्द बोलने वाले व सुनने वाले के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्तियों के लिए प्रयुक्त होते हैं, उन्हें "अन्य पुरुष" कहते हैं। जैसे- वह, वे आदि।

**2. निश्चयवाचक सर्वनाम-** वे सर्वनाम शब्द जिनका प्रयोग निश्चित व्यक्ति या वस्तु के लिए किया जाता है, उन्हें 'निश्चयवाचक सर्वनाम' कहा जाता है। जैसे- 1. मैं वह गुब्बारा लूंगा। 2. मुझे यह किताब चाहिए। इन वाक्यों में 'वह,' 'यह' निश्चयवाचक सर्वनाम हैं।

**3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम-** जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध न हो, उसे 'अनिश्चयवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे- 1. कोई रो रहा है। 2. दाल में कुछ पड़ा है। इन वाक्यों में 'कोई' और 'कुछ' अनिश्चयवाचक सर्वनाम हैं।

**4. संबंधवाचक सर्वनाम-** वे शब्द जो 2 शब्दों या वाक्य को जोड़कर उनमें संबंध होने को बताते हैं, उन्हें 'संबंधवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे - 1. जैसा करोगे वैसा भरोगे। 2. जिसकी लाठी उसकी भैंस। इन वाक्यों में जैसा, वैसा, जिसकी और उसकी आदि संबंधवाचक सर्वनाम हैं।

**5. प्रश्नवाचक सर्वनाम-** जिस सर्वनाम शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु के विषय में प्रश्न पूछा जाता है, उसे 'प्रश्नवाचक सर्वनाम' कहा जाता है। जैसे - 1. तुम्हारा नाम क्या है ? 2. दरवाजा कौन खटखटा रहा है ? 3. तुम किसके बारे में पूछ रहे हो ? इन वाक्यों में 'क्या' 'कौन' और 'किसके' प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं।

**6. निजवाचक सर्वनाम-** जिन सर्वनाम शब्दों का अपने आप के लिए प्रयोग किया जाए, उन्हें 'निजवाचक सर्वनाम' कहते हैं। जैसे - 1. मैं अपने आप चला जाऊंगा। 2. तुम्हें अपने काम से मतलब रखना चाहिए। 3. मैं अपना कर्तव्य पूरा कर रहा हूं। इन वाक्यों में 'अपने आप' 'अपने' 'और' 'अपना', सभी शब्द निजवाचक सर्वनाम हैं।

**Q1. रिक्त स्थान भरिए-**

1. यह घर आपका है और ..........................सोहन का है।

2. अंदर ......................... सो रहा है।

3. ............ वह गुब्बारा लूंगा।

4. आपके हाथ में ....................... है।

5. जिन सर्वनाम शब्दों का अपने आप के लिए प्रयोग किया जाए, उन्हें ................ सर्वनाम कहते हैं ।

**Q2. एक शब्द में उत्तर दीजिए-**

1. जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होते हैं उन्हें क्या कहते हैं ?

......................................................

2. 'तुम्हारा क्या नाम है' यह कौन सा सर्वनाम है ?

......................................................

3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम का एक उदाहरण दीजिए ।

......................................................

4. मैं, तुम, वह, किस सर्वनाम के उदाहरण हैं ?

......................................................

5. जैसा करोगे वैसा भरोगे किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

......................................................

**Q3. लघु उत्तरीय प्रश्न-**

1. निश्चयवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

.........................................................................................................................................

2. प्रश्नवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?

.........................................................................................................................................

**3. निजवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ?**

**........................................................................................................................**

**Q4. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

**1. सर्वनाम किसे कहते हैं ? सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ? प्रत्येक का नाम लिखिए।**

**Ans. जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होते हैं उन्हें सर्वनाम कहा जाता है। जैसे-**
**यह अमन है।**

**सर्वनाम के 6 भेद होते हैं-**

**1. पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम**
**5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम**

**2. पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ? किसी एक का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।**

**Ans. पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं-**

**a. उत्तम पुरुष b. मध्यम पुरुष c. अन्य पुरुष**

**उत्तम पुरुष- बोलनेवाला या लिखने वाला अपने लिए जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करता है, उन्हें उत्तम पुरुष कहते हैं। जैसे- मैं, हम आदि ।**

***End***